भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3876
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कोशी-सीमांचल क्षेत्र में पर्यटन सर्किट का निर्माण

3876. श्री राजेश रंजनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोशी-सीमांचल क्षेत्र में पर्यटन सर्किट के निर्माण के लिए कोई सर्वेक्षण किया है या राज्य सरकारों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन करके बिहार सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है।

मंत्रालय ने कोसी-सीमांचल क्षेत्र में पर्यटन परिपथ के निर्माण के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं करवाया है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

****